आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 शुक्रवार 14.08.2026

मुख्य समाचारः—

1— देश कल अस्सीवां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे—रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री फहराएंगे तिरंगा।

2— केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस के एक सौ बावन अधिकारियों और जवानों को अलग—अलग श्रेणी के पुरस्कार के लिए चुना गया।

3— आज मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस—प्रदेश में हुए अनेक कार्यक्रम।

4— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अब से कुछ देर बाद स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

स्वतंत्रता दिवस

देश कल अस्सीवां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय मुख्य समारोह राजधानी रायपुर के पुलिस मैदान में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। बिलासपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, दुर्ग में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और बस्तर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ध्वजारोहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में ध्वजारोहण करेंगे।

प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्री, सांसद और विधायक स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। सभी मुख्य अतिथि इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया।

इस बीच, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने राज्यभर की सभी मस्जिदों, दरगाहों और मदरसों में तिरंगा फहराने की अपील की है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने कहा कि पन्द्रह अगस्त का पर्व देशभक्ति, आपसी एकता, भाईचारे और संविधान के प्रति सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए।

वहीं, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा भवन नागरिकों के लिए कल सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश की सीमाओं की रक्षा में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया है।

वीरता पुरस्कार—घोषणा

केन्द्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार सेवा के एक हजार संतावन कर्मियों को वीरता और सेवा पदक देने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने आज वीरता पुरस्कार के तीन सौ एक पदकों की सूची जारी की।

इस बार छत्तीसगढ़ पुलिस के एक सौ बावन अधिकारियों और जवानों को अलग–अलग श्रेणी के पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक सौ इकतालीस अधिकारियों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वीरता पदक के लिए चुने जाने वाले प्रमुख अधिकारियों में बस्तर रेंज के आईजी रहे सुंदरराज पी., आईजी इंदिरा कल्याण ऐलेसेला, एसएसपी संदीप पटेल और एएसपी राबिन्सन गुड़िया शामिल हैं।

इसके साथ ही पुलिस उप महानिरीक्षक मोतीलाल कोटवानी को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा। साथ ही राज्य के दस पुलिस अधिकारियों को भी उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति–संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। श्री मोदी ने कामना की, कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा की ओर आगे बढ़ेंगे।

इधर, छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग द्वारा आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाजन के समय विभिन्न समाजों को विस्थापन की पीड़ा झेलनी पड़ी थी।

कार्यक्रम को प्रख्यात फिल्मकार और अभिनेता चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी संबोधित किया।

हर घर तिरंगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज रायपुर के सिविल लाईन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति के इस महा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है।

बस्तर तिरंगा यात्रा

बस्तर तिरंगा यात्रा आज बीजापुर जिले में स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर पहुंचकर संपन्न हो गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति, शांति और विकास का संदेश दिया। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

बीते बुधवार को नारायणपुर से शुरू हुई यह यात्रा तीन दिनों के दौरान बारसूर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। यात्रा का जगह–जगह आम नागरिकों ने स्वागत किया।

दुर्घटना

उत्तराखंड के चमोली जिले में निर्माणाधीन मायापुर–पीपलकोटी टनल में कल शााम को अचानक पानी भर जाने से छत्तीसगढ़ और झारखंड के सात मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, टनल से बाईस मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे में ग्यारह श्रमिक घायल बताए जा रहे हैं, इनमें झारखंड के पांच, बिहार के दो, छत्तीसगढ़ के दो और पंजाब और हिमाचल के एक–एक मजदूर हैं। छह मजदूर अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तराखंड के चमोली में निर्माणाधीन सुरंग हादसे में श्रमिकों की मृत्यु पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में कोंडागांव के श्रमिक भी असमय काल–कवलित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। लापता श्रमिकों की तलाश के प्रयासों पर छत्तीसगढ़ सरकार लगातार नजर बनाए हुए हैं।

ईओडब्ल्यू–चालान

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा के विरुद्ध करीब पन्द्रह सौ पृष्ठों का चालान रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया है। भागीरथी वर्मा पर पद का दुरुपयोग और कथित अवैध कमीशन के रूप में एक करोड़ छिहत्तर लाख रूपए का लाभ प्राप्त करने का आरोप है।

वहीं, जशपुर जिले के कुनकुरी में इक्कीस वर्ष पुराने चावल घोटाला प्रकरण में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने करीब चालीस हजार पृष्ठों का चालान जशपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया है। विस्तृत जांच के बाद गोदाम में बाईस हजार एक सौ अंठानवे क्विंटल से अधिक चावल की वास्तविक कमी पाई गई। इससे शासन को करीब दो करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति होना पाया गया है।

सोना बरामद

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल की क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम ने हावड़ा–मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस से करीब एक करोड़ छियानवे लाख रुपये कीमत का विदेशी सोना बरामद किया है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर भंडारा और नागपुर के बीच ट्रेन में दो संदिग्ध यात्रियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब एक किलो दो सौ बयालीस ग्राम विदेशी सोना बरामद हुआ। इसमें सात सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ शामिल है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>